>

Title: Need for establishing hight court bench in Muradabad, Uttar Pradesh.

डॉ. एस. टी. हसन: सर, मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की एक बहुत गंभीर समस्या की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ।...(**व्यवधान**) यह समस्या गरीब और अति गरीब के न्याय से जुड़ी हुई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बहुत पुरानी माँग है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं हाई कोर्ट की बेंच बनाई जाए।

सर, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि सहारनपुर से जब गरीब इलाहाबाद जाता है तो वह 900 किलोमीटर का सफर तय करता है, जबकि सहारनपुर से लाहौर 350 किलोमीटर है। मुरादाबाद सेंटर में आता है, जो सहारनपुर से भी 200 किलोमीटर है और शाहजहाँपुर से भी 200 किलोमीटर है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश है कि जल्द से जल्द पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के अंदर एक हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना करें ताकि गरीब और अति गरीबों को न्याय मिल सके।